[This question paper contains 14 printed pages.]

**9887** *Your Roll No.* ..............

**B.A. Prog. / II Sem. B**

**(L)**

ACCOUNTING & FINANCE – Paper B

(Corporate Accounting)

(Admissions of 2011 & onwards)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 75*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt* **All** *questions. Working should be shown as part of the answer. All sections of a question should be attempted together. Use of simple calculator is allowed.*

*सभी प्रश्न कीजिए।*

*सभी प्रश्नों के भागों का उत्तर एक साथ दीजिए।*

*सामान्य केलकुलेटर का प्रयोग मान्य है।*

P.T.O.

1. PQR Ltd. issued for public subscription 20,000 Equity shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share. The amount being payable as under.

   On application – Rs. 2

   On allotment – Rs. 5 (including premium)

   On First Call – Rs. 2

   On Final Call – Rs. 3

   Applications were received for 30,000 shares. Allotments were made pro-rata to the applicants for 24000 shares, the remaining applications were refused. Money overpaid on application was utilised towards sum due on allotment.

   Abhay to whom 800 shares were allotted failed to pay the allotment and both calls money and Mangu to whom 600 shares were allotted failed to pay the two calls. All these shares were forfeited after the second call was made. All the forfeited shares were sold to Meena at Rs. 8 per share as fully paid up.

   Pass the necessary Journal entries to give effect to the above and prepare Bank A/C, and Balance Sheet of the company. (15)

**OR**

(a) State the legal provisions for utilisation of Security Premium. (5)

(b) MNO Ltd. forfeited 500 equity shares of Rs. 10 each issued at a discount of Re 1 per share for non payment of the first call of Rs. 2 and final call of Rs. 2. 300 of these shares were reissued as fully paid up at Rs. 7 per share.

Pass journal entries for forfeiture and reissue of shares. (5)

(c) Y Ltd. purchased assets of Rs. 1,50,000 from Shyam enterprises. It issued equity shares of Rs. 10 each fully paid at a premium of 50% in satisfaction of their claims.

Give journal entries. (5)

PQR लिमिटेड ने 10 रु. वाले 20,000 ईक्विटी शेयर 2 रुपए प्रति शेयर प्रीमियम पर सार्वजनिक अभिदान के लिए जारी किए। देय राशि इस प्रकार थी :

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन पर | – | 2 रुपए |
| आबंटन पर | – | 5 रुपए (प्रीमियम शामिल करके) |
| प्रथम माँग पर | – | 2 रुपए |
| अंतिम माँग पर | – | 3 रुपए |

30,000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुआ। 24000 शेयरों के आवेदकों को यथानुपात आबंटन कर दिया गया और शेष आवेदकों को मना कर दिया गया। आवेदन के साथ अधिक भुगतान की गई राशि के आबंटन पर दी जाने वाली राशि के मद में प्रयोग कर लिया गया।

अभय, जिसे 800 शेयर आबंटित किए गए थे। आबंटन माँग राशि और दोनों माँग राशियों को अदा नहीं कर सका और मंजू, जिसे 600 शेयर आवंटित किए गए थे, दोनों माँग राशियों को अदा नहीं कर सकी। इन सभी शेयरों को दूसरी माँग किए जाने के पश्चात ज़ब्त कर लिया गया। सभी ज़ब्त किए गए शेयरों को 8 रु. प्रति पूर्ण दत्त शेयरों की दर से मीना को बेच दिया गया।

उपर्युक्त को बताने के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए और कंपनी का बैंक लेखा तथा तुलन पत्र तैयार कीजिए।

अथवा

(क) प्रतिभूति प्रीमियम को प्रयोग में लेने के लिए विधिक व्यवस्थाओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) MNO लिमिटेड ने 10 रु. वाले 500 ईक्विटी शेयरों को ज़ब्त कर लिया जिन्हें 1 रु. प्रति शेयर बट्टे पर जारी किया गया था। ज़ब्त करने का कारण 2 रुपए की प्रथम माँग और 2 रुपए की अंतिम माँग को अदा नहीं किया गया था। इनमें से 300 शेयरों को पूर्ण दत्त 7 रु. प्रति शेयर की दर से पुनःजारी कर दिया गया था।

ज़ब्त किए जाने और शेयरों को फिर से जारी करने की जर्नल में प्रविष्टियाँ कीजिए।

(ग) Y लिमिटेड ने श्याम एन्टरप्राइज़ से 1,50,000 रुपए की परिसंपत्तियाँ खरीदीं। उसने उनके दावों की संतुष्टि के लिए 50% प्रीमियम पर 10 रु. वाले पूर्ण दत्त ईक्विटी शेयर जारी कर दिए।

जर्नल में प्रविष्टियाँ प्रस्तुत कीजिए।

2. (a) What do you mean by buy back of shares? Enumerate the sources available for buy back of shares. (5)

(b) BX Ltd. has the following Balance sheet as an 31.3.2011

| Liabilities | | Assets | |
|---|---|---|---|
| 80,000 Equity shares of Rs. 10 each | 8,00,000 | Fixed Assets | 20,00,000 |
| | | Current Assets | 8,00,000 |
| 5000 preference shares of Rs. 100 each | 5,00,000 | | |
| Capital Reserve | 1,00,000 | | |
| Security Premium | 1,00,000 | | |
| General Reserve | 2,00,000 | | |
| Profit & loss | 1,00,000 | | |
| Current Liabilities | 10,00,000 | | |
| | 28,00,000 | | 28,00,000 |

The preference shares are to redeemed at 10% premium. Fresh issue of equity shares to be made to the extent it is required under the Companies Act for the purpose of redemption. The short fall in funds after utilising the proceeds of fresh issue is to be made by taking a bank loan. Show journal entries & prepare to B/S after the redemption of preference shares. (10)

OR

(a) Explain briefly difference between a share and a Debenture. (4)

(b) 5000, 10% debentures of Rs. 100 each are issued at 5% discount and are redeemable at 5% premium. Pass necessary journal entry. (4)

(c) A company issued 1000, 10% debentures of Rs. 100 each at a discount of 10% repayable in annual drawings of Rs. 20,000 over a period of 5 years. Calculate the amount of discount to be written off each year. (7)

(क) शेयरों के वापस खरीदने से आप क्या समझते हैं ? शेयरों को वापस खरीदने के लिए उपलब्ध स्रोतों को बताइए।

(ख) BX लिमिटेड का 31-3-2011 को निम्नलिखित तुलन पत्र था :

| देयताएँ | | परिसंपत्तियाँ | |
|---|---|---|---|
| 80,000 ईक्विटी शेयर, 10 रु वाले | 8,00,000 | स्थायी परिसंपत्तियाँ | 20,00,000 |
| | | चालू परिसंपत्तियाँ | 8,00,000 |
| 100 रु. वाले 5000 अधिमान शेयर | 5,00,000 | | |
| पूँजीगत रिज़र्व | 1,00,000 | | |
| प्रतिभूति प्रीमियम | 1,00,000 | | |
| सामान्य रिज़र्व | 2,00,000 | | |
| लाभ और हानि | 1,00,000 | | |
| चालू देयताएँ | 10,00,000 | | |
| | 28,00,000 | | 28,00,000 |

अधिमान शेयरों का 10% प्रीमियम पर प्रतिदान किया जाना है। नए ईक्विटी शेयरों को कंपनी अधिनियम के अंतर्गत बताई गई सीमा तक प्रतिदान के उद्देश्य से जारी किया जाना है। नए जारी किए गए शेयरों से प्राप्त राशि का इस्तेमाल करने के बाद धन की कमी को बैंक से ऋण लेकर पूरा किया जाना है। जर्नल में प्रविष्टियाँ प्रदर्शित कीजिए और अधिमान शेयरों के प्रतिदान करने के बाद तुलन पत्र तैयार कीजिए।

अथवा

(क) शेयर और डिबेन्चर में अंतर की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

(ख) 100 रु. वाले 5000, 10% डिबेन्चरों का 5% बट्टे पर जारी किया गया और ये 5% प्रीमियम पर प्रतिदेय हैं। जर्नल में प्रविष्टियाँ कीजिए।

(ग) एक कंपनी ने 100 रु वाले 1000, 10% डिबेन्चर 10% बट्टे पर जारी किए जिनका 5 वर्षों की अवधि में 20,000 रु. की वार्षिक आहरण राशि द्वारा प्रतिदेय किया जाना था। प्रतिवर्ष बट्टे खाते डालने वाले बट्टे की राशि का परिकलन कीजिए।

3. The following is the trial balance of Meenakshi Ltd. as on 31st December, 2011

| | | |
|---|---|---|
| Opening Stock | 75000 | |
| Sales | | 3,50,000 |
| Purchases | 2,65,000 | |
| Purchases Returns | | 20,000 |
| Wages | 50,000 | |

| | | |
|---|---|---|
| Discount | | 5,000 |
| Furniture | 17,000 | |
| Salaries | 7500 | |
| Rent | 5,000 | |
| Sundry Expenses | 7,000 | |
| Profit and Loss Account | | 16030 |
| Dividend paid | 10,000 | |
| Share Capital | | 1,00,000 |
| Debtors and Creditor | 37500 | 17500 |
| Plant and Machinery | 29,000 | |
| Cash at Bank | 16200 | |
| General Reserve | | 15500 |
| Patents | 4830 | |
| | 5,24,030 | 5,24,030 |

Prepare Profit and Loss Account, Profit and Loss Appropriation Account and Balance sheet after taking the following adjustments into consideration.

(i) Closing stock was valued at Rs. 82000.

(ii) Depreciation on fixed assets @ 10%.

(iii) Make a provision for income Tax @ 30%.

(iv) Corporate Dividend Tax @ 17%. (15)

**OR**

(a) Explain the provisions relating to transfer of profits to reserves on the basis of dividend declared by the company. (5)

(b) Explain Profit and Loss Appropriation Account. State the items to be stated therein. (6)

(c) Explain Contingent Liabilities. (4)

मीनाक्षी लिमिटेड का तल पर 31 दिसंबर 2011 को इस प्रकार था :

| | | |
|---|---|---|
| आरंभिक स्टॉक | 75000 | |
| बिक्री | | 3,50,000 |
| खरीद | 2,65,000 | |
| क्रय वापसी | | 20,000 |
| मज़दूरियाँ | 50,000 | |
| बट्टा काटा गया | | 5,000 |
| फर्नीचर | 17,000 | |
| वेतन | 7500 | |
| किराया | 5,000 | |
| विविध खर्चे | 7,000 | |
| लाभ और हानि लेखा | | 1,60,30 |
| दत्त लाभांश | 10,000 | |
| शेयर पूँजी | | 1,00,000 |
| देनदारियाँ और लेनदारियाँ | 37500 | 17500 |
| संयंत्र तथा मशीनरी | 29,000 | |
| बैंक में रोकड़ | 16200 | |
| सामान्य रिजर्व | | 15500 |
| पेटेन्ट | 4830 | |
| | 5,24,030 | 5,24,030 |

निम्नलिखित समायोजनों को ध्यान में रखते हुए लाभ और हानि लेखा, लाभ और हानि विनियोजन खाता और तुलन पत्र तैयार कीजिए :

(i) अंतिम स्टॉक की कीमत 82,000 रु.

(ii) स्थायी परिसंपत्तियों पर 10% की दर से मूल्यह्रास

(iii) आयकर के निमित्त 30% की दर से व्यवस्था कीजिए

(iv) 17% की दर से कंपनी लाभांश कर

अथवा

(क) कंपनी द्वारा घोषित लाभांश के आधार पर लाभों को रिजर्व में अंतरित करने से संबोधित व्यवस्थाओं की व्याख्या कीजिए।

(ख) लाभ और हानि विनियोजन लेखे की व्याख्या कीजिए। उसमें बताए गए आइटमों का उल्लेख कीजिए।

(ग) प्रासंगिक देयताओं की व्याख्या कीजिए।

4. (a) What is cash flow statement ? What are the advantages of preparing such a statement ? Discuss briefly the major classification of cash flows as per AS-3 (Revised). (10)

(b) Write a note on "Issue of shares at discount". (5)

OR

From the following Balance sheet of Yamuna Ltd., prepare Cash Flow statement as per AS-3 (Revised)

Balance Sheets

| Liabilities | 31-3-2010 | 31-3-2011 | Assets | 31-3-2010 | 31-3-2011 |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity share capital | 40,000 | 60,000 | Goodwill | 10,000 | 8,000 |
| | | | Building | 20,000 | 10,000 |
| 10% Preference share capital | 20,000 | 10,000 | Plant | 18,000 | 38,200 |
| | | | Debtors | 17000 | 28600 |
| General Reserve | 4000 | 6000 | Stock | 17000 | 15600 |
| Profits & Loss A/C | 3600 | 5400 | Cash | 5400 | 7000 |
| Bills payable | 7000 | 10600 | | | |
| Creditors | 1600 | 1200 | | | |
| Provision for Tax | 11200 | 14200 | | | |
| | 87,400 | 1,07,400 | | 87,400 | 1,07,400 |

Additional Information :

Depreciation has been charged on Building Rs. 10,000 and on Plant Rs. 5000 during the year.

(क) नकदी प्रवाह कथन क्या होता है ? ऐसे कथन को तैयार करने के क्या लाभ हैं ? AS-3 (संशोधित) के अनुसार नकदी प्रवाहों के प्रमुख वर्गीकरण की संक्षेप में विवेचना कीजिए।

(ख) बट्टे पर शेयरों को जारी करने पर टिप्पणी लिखिए।

अथवा

यमुना लिमिटेड के निम्नलिखित तुलन-पत्र से AS-3 (संशोधित) के अनुसार नकदी प्रवाह कथन तैयार कीजिए

तुलन पत्र

| देयताएँ | 31-3-2010 | 31-3-2011 | परिसंपत्तियाँ | 31-3-2010 | 31-3-2011 |
|---|---|---|---|---|---|
| ईक्विटी शेयर पूँजी | 40,000 | 60,000 | सुनाम | 10,000 | 8,000 |
| 10% अधिमान शेयर पूँजी | 20,000 | 10,000 | भवन | 20,000 | 10,000 |
| सामान्य रिजर्व | 4000 | 6000 | संयंत्र | 18,000 | 38,200 |
| लाभ और हानि लेखा | 3600 | 5400 | देनदारियाँ | 17000 | 28600 |
| देय बिल | 7000 | 10600 | स्टॉक | 17000 | 15600 |
| लेनदारियाँ | 1600 | 1200 | रोकड़ | 5400 | 7000 |
| कर के लिए व्यवस्था | 11200 | 14200 | | | |
| | 87,400 | 1,07,400 | | 87,400 | 1,07,400 |

*अतिरिक्त सूचनाएँ* :

भवन पर इस साल 10,000 रु. मूल्यह्रास लगाया गया है और संयंत्र पर 5000 रुपए।

5. Explain the meaning and significance of any **five** of the following ratios. Also give the formula for computing.

(i) Current Ratio

(ii) Debt-Equity Ratio

(iii) Net Profit Ratio

(iv) Debtor Turnover Ratio

(v) Return on Investment

(vi) Price Earning Ratio (3×5=15)

**OR**

(a) Calculate the amount of Current Assets and Current Liabilities if Current Ratio is 2.5:1 and working capital = Rs. 60,000. (4)

(b) From the following details, calculate closing stock and stock turnover ratio.

| | |
|---|---|
| Opening Stock | Rs. 58000 |
| Purchases | Rs. 4,84,000 |
| Sales | Rs. 6,40,000 |
| Gross Profit Ratio | 25% on sales |

(6)

(c) Explain the advantages of Ratio Analysis. (5)

निम्नलिखित अनुपातों में से किन्हीं पाँच के अर्थ और महत्त्व की व्याख्या कीजिए। साथ ही अभिकलन के लिए सूत्र दीजिए।

(i) चालू अनुपात

(ii) ऋण-ईक्विटी अनुपात

(iii) निवल लाभ अनुपात

(iv) देनदार पण्यावर्त अनुपात

(v) निवेश पर प्रतिफल

(vi) कीमत-कमाई अनुपात

**अथवा**

(क) यदि चालू अनुपात 2·5:1 और कार्यशील पूँजी = 60,000 रु. हो तो चालू परिसंपत्तियों की राशि और चालू देयताओं का परिकलन कीजिए ।

(ख) निम्नलिखित तफसीलों से अंतिम स्टॉक और स्टॉक पण्यावर्त अनुपात का परिकलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| आरंभिक स्टॉक | 58000 रु. |
| खरीदें | 4,84,000 रु. |
| बिक्री | 6,40,000 रु. |
| सकल लाभ अनुपात | बिक्री पर 25% |

(ग) अनुपात विश्लेषण के लाभों की व्याख्या कीजिए ।